## कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2013 / **2583** लखनऊःदिनांकः **09 सितम्बर 2013**

## सी0पी0एम0टी0–2013 की द्वितीय चक्र की काउसिलिंग की समय सारणी (MBBS, BDS & BHMS Seats)

**काउंसिलिंग स्थल के नाम**

1- Tele Medicine Center, S.G.P.G.I., Raibareily Road, Lucknow. Tel- 0522- 2495235
2- Tele Medicine Center, GSVM Medical College, Swaroop Nagar, Kanpur. Tel: 0512- 2535483
3- Tele Medicine Center, MLN Medical College, Louther Road, Allahabad. Tel. 0532- 2256507
4- Tele Medicine Center, L.L.R.M.Medical College Garh Road, Meerut. Tel:0121- 2760888

| क्र.सं. | आमंत्रित अभ्यर्थी (स्टेट रैंक) | प्रमाण पत्रों के सत्यापन का दिनांक एवं पंजीकरण तिथि (समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक ) | काउंसिलिंग की तिथि | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (1) सभी श्रेणी की उपश्रेणी (PH, EA, FF, NCC) के सभी अर्ह अभ्यर्थी *<br>(2) अनुसूचित जनजाति (S.T.) श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी *<br>(3) अनुसूचित जाति (S.C.) श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी * | 18.9.2013 (बुधवार) | 19.9.2013 (गुरूवार) | MBBS, BDS (शासकीय सीटें) (केवल MBBS/BDS पाठ्यक्रमों हेतु ) |
| 2 | स्टेट रैंक 01 से 800 तक के अन्तर्गत आने वाले Gen, OBC, SC, ST, श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी | 19.9.2013 (गुरूवार) | 20.9.2013 (शुक्रवार) | MBBS, BDS (शासकीय सीटें) (केवल MBBS/BDS पाठ्यक्रमों हेतु ) |
| 3 | स्टेट रैंक 801 से 2500* तक के अन्तर्गत आने वाले Gen, OBC, SC, ST श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी (समस्त उपश्रेणी के अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) | 20.9.2013 (शुक्रवार) एवं 22.9.2013 (रविवार) | **23.9.2013 (सोमवार)** | MBBS, BDS, BHMS (शासकीय सीटें) |
| 4 | स्टेट रैंक 2501 से 6500* तक के अन्तर्गत आने वाले Gen, OBC, SC, ST श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी (समस्त उपश्रेणी के अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) | 23.9.2013 (सोमवार) | 24.9.2013 (मंगलवार) | MBBS, BDS, BHMS (शासकीय सीटें) |
| 5 | स्टेट रैंक 6501 से 12000* तक के अन्तर्गत आने वाले Gen, OBC, SC, ST श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी (समस्त उपश्रेणी के अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) | 24.9.2013 (मंगलवार) | 25.9.2013 (बुधवार) | MBBS, BDS, BHMS (शासकीय सीटें) तथा निजी क्षेत्र की सीटें** (BDS, BHMS) |
| 6 | स्टेट रैंक 12001* से आगे के Gen, OBC, SC, ST श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी (समस्त उपश्रेणी के अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) | 25.9.2013 (बुधवार) | 26.9.2013 (गुरूवार) | MBBS, BDS, BHMS (शासकीय सीटें) तथा निजी क्षेत्र की सीटें** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (BDS, BHMS) |

( **Gen** -सामान्य (अनारक्षित), **OBC**-अन्य पिछडा वर्ग, **SC**-अनुसूचित जाति, **ST**- अनुसूचित जनजाति, **FF**-स्वंतन्त्रता संग्राम सेनानी, **EA**- भूतपूर्व सैनिक के आश्रित, **PH**-विकलांग, **NCC**–एन0सी0सी0, **GL**–महिला )

*** सीटें उपलब्ध रहने तक**

**** निजी क्षेत्र के कालेजों की सीटों पर आवंटन की कार्यवाही सम्बन्धित कालेजों की सहमति तथा कालेजों की मान्यता प्राप्त होने पर ही की जायेगी।**

नोटः–

**1– प्रथम काउंसिलिंग में भाग ले चुके अथवा अपने प्रमाण पत्रों की जॉच करा चुके अभ्यर्थी अपने पूर्व काउंसिलिंग केन्द्र पर ही उपस्थित होंगे, (Counseling venue will not be changed in second round of counseling)। नये अभ्यर्थी प्रथमतः प्रमाण पत्रों की जॉच तथा पंजीकरण उपरोक्त में से अपनी सुविधानुसार निर्धारित तिथि को किसी काउंसिलिंग केन्द्र पर करा सकते हैं, तत्पश्चात अर्ह पाये जाने पर उसी काउंसिलिंग केन्द्र पर प्रातः 10.00 बजे काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होंगे।**

**2– महिला उपश्रेणी की सीटें ओपेन स्टेट रैंक की काउंसिलिंग के समय अलग से प्रदर्शित की जायेंगी। तद्नुसार महिला अभ्यर्थियों को उनकी उपश्रेणी हेतु आरक्षित सीटों का लाभ ओपेन स्टेट रैंक की काउंसिलिंग के समय ही प्रदान कर दिया जायेगा।**

**3– अभ्यर्थियों हेतु सामान्य निर्देश सी0पी0एम0टी0–2013 की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग हेतु पूर्व में प्रसारित समय सारिणी दिनांक 29 अगस्त 2013 के अनुसार यथावत है तथा उक्त निर्देश** website www.updgme.in पर उपलब्ध है।

4– **अनुसूचित जनजाति श्रेणी (S.T.) के अन्तर्गत विज्ञप्ति प्रसारित होने की तिथि तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है साथ ही सामान्य (अनारक्षित), अन्य पिछडा वर्ग तथा अनुसूचित जाति श्रेणी में Horizontal category के अन्तर्गत EA, FF, NCC में विज्ञप्ति प्रसारित होने की तिथि तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है। यदि काउंसिलिंग की तिथि तक इन श्रेणियों में कोई सीट उपलब्ध होती है, तो उस पर आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।**

5– शैक्षिक सत्र 2013–14 हेतु राजकीय आयुर्वेदिक/यूनानी कालेजों की भारत सरकार से मान्यता के संबंध में विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि तक कोई अद्यावधिक सूचना प्राप्त न होने के कारण इन कालेजों की बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर आवंटन की कार्यवाही नहीं की जायेगी। यदि काउंसिलिंग की तिथि तक इन कालेजों की मान्यता के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो जाती है तो इसकी सूचना website www.updgme.in पर प्रदर्शित कर इन पाठ्यक्रमों पर काउंसिलिंग की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।

## विशेष नोट

**सी0पी0एम0टी0–2013 की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग से आवंटन के पश्चात अपरिहार्य कारणों से यदि एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की कोई सीट रिक्त रह जाती है तो सीटें व्यर्थ न जायें तथा छात्रहित में इन रिक्त सीटों पर तृतीय चक्र के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ (केवल लखनऊ केन्द्र) पर ही दिनांक 30 सितम्बर 2013 को प्रातः 10:00 बजे से सम्पन्न की जायेगी। तृतीय चक्र में कोई पुनरावंटन (Reshuffeling) अनुमन्य नही होगा। तृतीय चक्र हेतु निम्न अभ्यर्थी अर्ह नही होंगे–**

(क) सी0पी0एम0टी0–2013 की प्रथम/द्वितीय काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटन प्राप्त (प्रवेषित/अप्रवेषित/त्यागपत्र दे चुके) अभ्यर्थी।

(ख) अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा/NEET के माध्यम से प्रवेशित अभ्यर्थी।

(ग) तृतीय चक्र में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(घ) तृतीय चक्र में अभ्यर्थियों को समान पाठ्यक्रम में कालेज का परिवर्तन/पुनरावंटन अनुमन्य नहीं होगा, यद्यपि पाठ्यक्रम/विधा परिवर्तन (Course Change) का विकल्प ही अनुमन्य होगा।

तृतीय चक्र के माध्यम से आवंटित सीटों पर प्रवेष प्रक्रिया आवंटन स्थल ( टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ ) पर ही सम्पन्न करायी जानी है, अतः अभ्यर्थियों को निर्देषित किया जाता है कि शासनादेष संख्या–2240/71–3–2010–328/92, दिनांक 20 अगस्त, 2010 द्वारा निर्धारित प्रवेष संबंधी शुल्क के साथ उपस्थित होना सुनिष्चित करें ताकि आवंटन स्थल पर ही प्रवेष सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

सी0पी0एम0टी0–2013 की प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में Horizontal Category के अन्तर्गत आने वाले समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जा चुका है। अतः द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग के पश्चात जिस Horizontal Category में निर्धारत कोटा पूर्ण हो गया है, उस श्रेणी के अभ्यर्थियों को क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation) का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

आवंटन हेतु अलग से कोई सूचना (काल लेटर) प्रेषित नही किया जायेगा। प्रकाशित सूचना चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण की बेवसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध सूचना के आधार पर ही उपस्थित होना होगा। तृतीय चक्र के संदर्भ में अन्य आवष्यक सूचना वेबसाईट www.updgme.in पर प्रदर्षित की जायेगी।

**महानिदेशक**